याचिकाकर्ता ने आरक्षण मामले में बहस की पूरी

अब राज्य शासन की ओर से रखा जाएगा पक्ष, अगली सुनवाई 16 को

जबलपुर,02 दिसंबर. मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष मंगलवार को मध्य प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण मामले की सुनवाई हुई. इस दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पूर्व में अधूरी रह गई बहस को पूरा किया गया.

इसके बाद राज्य शासन की बहस प्रारंभ होनी थी. लेकिन मप्र शासन की ओर से अवगत कराया कि राज्य का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन रखेंगे, जो अभी किसी अन्य प्रकरण की पैरवी में व्यस्त हैं. जिस पर सुनवाई जनवरी तक आगे बढ़ा दी जाए. हाईकोर्ट ने यह आग्रह स्वीकार न करते हुए मामले की गंभीरता के मद्देनजर अगली सुनवाई 16 दिसंबर को निर्धारित की है. उल्लेखनीय है कि यह मामला राजधानी भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर किया गया है. जिसमें मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है. दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाईकोर्ट द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है. इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं. सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाम मात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए. इस मामले में याचिकाकर्ता सपाक्स, अजाक्स संघ सहित 38 याचिकाओं पर एक साथ 11 वीं सुनवाई हुई. इसके साथ ही अनेक कर्मियों की हस्तक्षेप याचिकाओं को भी सुना गया. याचिकाकर्ताओं का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश कौशिक, अमोल श्रीवास्तव, डॉ. केएस चौहान ने रखा. जबकि हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह खड़े हुए.

> उन्होंने दलील दी कि प्रमोशन को एक स्तर के ऊपर दिया जाए, तो रिजर्वेशन काउंटर प्रोटेक्टिव होगी. एक ऐसी क्लास खड़ी कर देगी, जो कि बराबरी से ऊपर उठ जाएगी. उससे फिर दोष पैदा होंगे, जो कि आर्टिकल 14 और 16 के सिद्धांत के अनुसार नहीं होगी. वहीं याचिकाकर्ताओं की ओर से लगभग आधे घंटे तक की गई अंतिम चरण की बहस में मूलभूत रूप से राज्य शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन न किए जाने के बिंदु पर जोर दिया गया. साथ ही सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत रेखांकित करते हुए प्रमोशन में आरक्षण की नई नीति को असंवैधानिक घोषित करने पर बल दिया गया.

करणी सेना परिवार प्रमुख ने नीमच में भरी हुंकार

21 को हरदा में होगा विशाल जन क्रांति न्याय आंदोलन

2025
जन क्रां
नीमच आगमन पर ठा. जी
राजपूत
स्वागत
करणी सेना

नीमच. करणी सेना परिवार प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में निकाली जा रही जन क्रांति न्याय यात्रा मंगलवार को नीमच पहुँची, जहाँ विभिन्न स्थानों पर यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया.

यह यात्रा अब तक प्रदेश के 30 से 32 जिलों में संपन्न हो चुकी है और वर्तमान में अपने तीसरे चरण में है. जिले में प्रवेश के साथ ही बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए. दोपहर 1 बजे शेरपुर का काफिला नीमच पहुँचा, जहाँ उन्होंने सबसे पहले ग्वालटोली स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इसके बाद वे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, स्वर्गीय खुमान सिंह शिवाजी, महर्षि वाल्मीकि और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर टाउन हॉल में आयोजित विशाल जनसभा में पहुँचे. यहाँ जिलाध्यक्ष गिरिराज सिंह रूपपुरा के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया. सभा को संबोधित करते हुए जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ किसी एक समाज का नहीं बल्कि सर्व समाज के हक़ और अधिकारों की लड़ाई है.

उन्होंने बताया कि करणी सेना परिवार की यह यात्रा 21 सूत्रीय मांगों पर आधारित है, जिसमें प्रमुख रूप से हरदा लाठीचार्ज की न्यायिक जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, ईडब्ल्यूएस सरलीकरण, आर्थिक आधार पर आरक्षण, एससी /एसटी एक्ट के दुरुपयोग पर रोक, किसानों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों से जुड़े मुद्दों का समाधान शामिल हैं. शेरपुर ने कहा कि जिनकी वार्षिक आय 8 लाख से अधिक है, उन्हें आरक्षण से बाहर किया जाए और सभी वर्गों में क्रीमी लेयर की अवधारणा लागू हो.

> यात्रा के दौरान उन्होंने देवास और हरदा में दर्ज कथित झूठे प्रकरण वापस लेने, फसल नुकसान पर बेहतर मुआवजा, स्मार्ट मीटरों पर प्रतिबंध, बिजली बिलों में समायोजन, भर्ती प्रक्रिया में सुधार, बेरोजगारी भत्ता, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, गोशाला प्रबंधन में सुधार, सैनिकों को 10 ' आरक्षण और मीडिया कर्मियों के संरक्षण जैसी कई जनहितकारी मांगें भी रखीं. 21 दिसंबर को आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर सर्व समाज की ताकत प्रदर्शित करने की अपील की.

एक नजर में

गढ़ थाना क्षेत्र में एक ही रात में दो लूट की घटनाएं

रीवा. हाईवे पर लूट की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं. सोमवार की रात गढ़ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई लूट और मारपीट की वारदातों ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. अराजक तत्वों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब राष्ट्रीय राजमार्ग भी सुरक्षित नहीं रह गया है. एक दिसम्बर को समय लगभग 10-30 बजे रात, हर्दिहा 1055 से आनंद प्रताप साकेत पिता राजकुमार साकेत थाना लोर से कुसहा थाना नईगढ़ी अपनी मोटर साइकिल से रिश्तेदारी के लिए जा रहे थे. जैसे ही वे गढ़-नइगढ़ी मार्ग ओवर ब्रिज के नीचे पहुँचे तो पाँच अज्ञात लोग अचानक सामने आ गए और उन्हें रोक लिया. पीड़ित के अनुसार लुटेरों ने उनसे 2,000 नकद लूट लिए तथा मारपीट भी की.

रेल स्प्रिंग कारखाना कर रहा मिसाल कायम

ग्वालियर. रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली सन 1989 में निर्मित देश का एकमात्र स्प्रिंग कारखाना है. सभी कर्मचारियों के प्रयास एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक शिवाजी कदम के मार्ग-दर्शन से रेल स्प्रिंग कारखाना निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहते हुए भारतीय रेल के लिए एक मिसाल कायम कर रहा है. माह नवंबर 2025 में वर्तमान वित्त वर्ष का सर्वाधिक 11564 स्प्रिंगों वितरण किया. स्प्रिंग कारखाने में 45267 स्प्रिंगों का डिस्पेच हुआ था वही वर्ष 2025-26 के लिए कारखाने से 66007 स्प्रिंगों का वितरण किया गया.

बिल्डिंग में लगी आग बुझाने पहुंचे निगमायुक्त

जबलपुर. नगर निगम के आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार मंगलवार को सतना बिल्डिंग में लगी आग को बुझाने खुद पहुंच गए. निगमायुक्त ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के लिए दिशा- निर्देश दिए.

मौके पर दमकल प्रमुख कुशाग्र ठाकुर सहित अमला मौजूद रहा. कुछ ही देर के प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया था. मंगलवार की सुबह सतना बिल्डिंग परिसर में तीन मंजिला भवन में अचानक आग लग गई थी.

> आग की सूचना मिलने पर दमकल वाहन सहित अमला पहुंच गया था. इसकी जानकारी लगते निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार भी पहुंचे थे. निगमायुक्त ने मौके पर आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों की हौसलाअफजाई करते हुए उनके साथ लगकर काम किया. आग बुझाने के दौरान निगमायुक्त ने अपना कोट उतारकर अलग कर दिया और कर्मचारियों के साथ वे मौके पर पहुंच गए थे. निगमायुक्त ने पानी डाल रहे कर्मचारियों को आग बुझाने की बारीकियां बताई. जानकार कहते हैं कि आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया गया था.

खैर लकड़ी के अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन सहित 3 गिरफ्तार

झाबुआ, 2 दिसम्बर. प्रात: लगभग 05:45 बजे मुखबिर द्वारा वनपरिक्षेत्र अधिकारी, थांदला को खैर की लकड़ी के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त हुई.

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्राधिकारी तोला राम हटीला द्वारा वन अमले कञा गश्ती एवं चेकिंग दल गठित कर पेटलावद-अगराल मार्ग पर ग्राम झोसर के पास तैनात किया गया. प्रात: लगभग 06:00 बजे चेकिंग के दौरान एक सफेद वाहन तेज गति से पेटलावद की ओर से आता दिखाई दिया. दल द्वारा वाहन को रोककर निरीक्षण किया गया, जिसमें वाहन से खैर प्रजाति की गीली लकड़ी भरी हुई पाई गई. वाहन चालक ने अपना नाम आशीष पिता प्रभु भाभोर, निवासी अंतर्वेलिया, तहसील झाबुआ बताया तथा परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए. उक्त कार्रवाई वनमंडलाधिकारी झाबुआ अमित वसंत निकम एवं उप वन मंडलाधिकारी झाबुआ एस. एल. यादव के मार्गदर्शन में की गई.

अभद्र बयान के विरोध में विप्र समाज का उफान

विशाल धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन

अनूपपुर, 02 दिसंबर. अजाक्स कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को अनूपपुर में व्यापक जनाक्रोश देखने को मिला.

जिला विप्र समाज, अखिल भारतीय एकीकृत ब्राह्मण परिषद, अखंड ब्राह्मण समाज एवं आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में इंदिरा चौक हॉस्पिटल के समीप विशाल विरोध सभा एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में जिलेभर से सैकड़ों विप्रजन, मातृशक्ति एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए.

सनातनियों का बेटियों के सम्मान में 5 को प्रदर्शन

ग्वालियर. आई ए एस संतोष वर्मा को भारतीय प्रशासनिक सेवा से मुक्त करने एवं उनकी जांच करने की मांग को लेकर सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर के तत्वाधान में सनातनियों द्वारा 5 दिसंबर को दोपहर 2 बजे कमिश्नरी कार्यालय, विवेकानंद ओवरब्रिज पर प्रदर्शन के साथ गृह मंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा. आज श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर बाल्मिक समाज के अलावा खटीक समाज के महेंद्र भदकारिया, पाल बघेल समाज के गोबिंद बघेले, सिंधी समाज के हासानंद आहूजा ने 5 दिसंबर को दोपहर 2 बजे संभागीय आयुक्त कार्यालय पर आईएएस संतोष वर्मा को सेवा मुक्त करने की मांग को लेकर होने वाले आंदोलन का समर्थन दिया. गंगा जलाभिषेक के मुख्य यजमान अनंत शर्मा थे.

8 सदस्यों ने दी इस्तीफे की चेतावनी

जिला पंचायत में अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव

श्योपुर. जिला पंचायत में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है. चर्चा के लिए बुलाई गई बैठक स्थगित करना पड़ी.

निर्धारित समय पर सभा कक्ष में सभी आठ जिला पंचायत सदस्य उपस्थित थे, लेकिन पीठासीन अधिकारी या उनका कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचा. इससे बैठक शुरू नहीं हो सकी. सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई पर उनके वार्डों में विकास कार्य न कराने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया है.

इसी कारण उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है. बैठक स्थगित होने के बाद नाराज सदस्य सुबह से जिला पंचायत कार्यालय में डटे हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई, तो सभी आठ सदस्य सामूहिक इस्तीफा दे देंगे. सदस्यों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की बात भी कही है. अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले आठ सदस्यों में बर्फी बाई वीपी सिंह, गिरधारी लाल वेरवा, कलावती आदिवासी, संदीप शाक्य, अनीता कुशवाह, माहेश्वरी धाकड़, गीताबाई आदिवासी और कविता आर्य शामिल हैं.

भ्रष्टाचार में लिप्त होने का लगाया आरोप

विकास योजना तैयार करने में की गड़बड़ी!

अध्यक्ष गुड्डी बाई के समर्थन में केवल उपाध्यक्ष नीरज जाट हैं. इस राजनीतिक गतिरोध की मुख्य वजह नए साल की विकास योजना बताई जा रही है. सदस्यों का आरोप है कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने सदस्यों को शामिल किए बिना ही विकास योजना तैयार कर ली थी. इसी से नाराज होकर आठों सदस्य एकजुट हुए और अविश्वास प्रस्ताव की स्थिति बनी.

कलेक्टर चेंबर के बाहर बैठे डॉ. अनूप मिश्रा

सीधी. जन सुनवाई के लिए आज दोपहर लोकसभा क्षेत्र - सीधी सांसद डॉ राजेश मिश्रा के पुत्र डॉ. अनूप मिश्रा को कलेक्टर चेंबर के बाहर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा.

बुलावा में विलंब होने के कारण मामला तूल पकडने लगा. लेकिन कुछ समय बाद ही कलेक्टर की ओर से बुलावा आ गया. दरअसल एआरटी क्लीनिक व सेरोगेसी क्लीनिक के वर्तमान पंजीयन जारी करने हेतु मिश्रा नर्सिंग होम सीधी के संचालक डॉ. अनूप मिश्रा और डॉ. बीना मिश्रा आज दोपहर कलेक्टर से मुलाकात करने के लिए पहुंचे लेकिन मुलाकात को लेकर अनिश्चितता निर्मित हो गई.

> जिसके कारण कलेक्टर चेंबर के बाहर सीमेंट की बनी कुर्सी पर उन्हें काफी समय तक बैठना पड़ा। तत्संबंध में डॉ. अनूप मिश्रा का कहना था कि उनके द्वारा 20 दिसंबर 2022 को एआरटी क्लीनिक व सेरोगेसी क्लीनिक हेतु आवेदन किया गया था। जिसकी फीस 2 लाख रुपए साथ में ही जमा कर दिया गया था। सभी आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत किए जा चुके हैं। निरीक्षण भी किया जा चुका है। किंतु वर्तमान तक पंजीयन जारी नहीं हुआ।

नगर में खुलेआम हो रही मादक पदार्थों की बिक्री

शाजापुर. नगर में खुलेआम चल रहे जुआए सट्टा और मादक पदार्थों की बिक्री को लेकर स्थानीय निवासियों ने मंगलवार दोपहर एएसपी घनश्याम मालवीय को एसपी के नाम एक ज्ञापन सौंपा. निवासियों ने इन अवैध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की, साथ ही उनका आरोप है कि पुलिस भी इनसे मिली हुई है.ज्ञापन में बताया गया कि शहर के वार्ड नंबर 10 कमरदीपुरा में बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की बिक्री हो रही है और वहां एक जुआघर भी संचालित है. इसके अलावा पूरे शहर में सट्टा खुलेआम चल रहा है. स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कोतवाली थाना पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है.

अशोक शर्मा ने किया पोलिंग बूथ का निरीक्षण

ग्वालियर,02 दिसंबर. जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन हो रहा है. बीएलओ, सुपरवाइजर एवं रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी सुबह से लेकर देर रात तक इस काम में जुटे हैं.

प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य एवं पूर्व मेला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने आज मंगलवार को उपनगर ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 13 स्थित पोलिंग बूथ नम्बर 247 पर पहुंचकर एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया एवं बीएलओ एवं उनकी टीम को निर्देशित किया कि स्थानीय मतदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े. उन्होंने कहा कि गणना पत्रक डिजिटाइज्ड करने का काम पूर्ण पारदर्शिता व त्वरित ढंग से होना चाहिए. यदि किसी मतदाता का नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं मिल रहा है तो बीएलओ सहयोग करें एवं उचित वैकल्पिक रास्ता बताएं.

अवसर विभिन्न समूहों को 7 करोड़ 80 लाख का चेक किया प्रदान

युवा रोजगार मेले में 32 सौ युवाओं का पंजीयन

सिंगरौली 2 दिसम्बर. म.प्र. शासन के मंशानुसार एवं कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन में तथा जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे के देखरेख में संयुक्त रूप से रोजगार कार्यालय सूक्ष्म एवं लघु एवं मद्यम-उद्यम विभाग एवं आईटीआई द्वारा युवा संगम अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं आप्रेंटिशषिप मेले का आयोजन राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में आयोजित हुआ.

मेले मे जिले में कार्यरत 40 औद्योगिक कम्पनियों द्वारा जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को उनकी योग्यता अनुसार रोजगार के अवसर एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराया जायेगा.

रोजगार मेले में युवाओं के आवेदनों को पंजीयन करने के लिए जहां काउंटरो की स्थापना कराई गई थी, ताकि किसी भी युवा को अपना पंजीयन कराने के समय परेशानी न हो. रोजगार मेले में 3202 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया. रोजागर मेले में शामिल कम्पनिया गूगलशीट में दर्ज आवेदको की योग्यता की जॉच कर एक सप्ताह में जॉब लेटर प्रदान करेंगी.

> मेले में स्वरोजगार योजनाओं के तहत विभिन्न समूहो को 7 करोड़ 80 लाख का चेक प्रदान किया गया. युवा संगम रोजगार मेले का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, जिपं उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, भाजपा जिला महामंत्री विक्रम सिंह चंदेल, सुरेश गिरी सहित अन्य के उपस्थित में किया गया.

शिक्षक का आपत्तिजनक वीडियो वायरल

पहाड़गढ़ ब्लॉक के निमास प्राइमरी स्कूल का मामला

मुरैना। मुरैना में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां एक शिक्षक का आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो रहा है. आरोप है कि वीडियो पहाड़गढ़ ब्लॉक के निमास प्राइमरी स्कूल के शिक्षक और रसोइया का है.

जिससे शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है. इसके अलावा एक छात्रावास परिसर में कई अशोभनीय सामग्री मिली है. डीईओ ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित शिक्षक को नोटिस जारी किया है.

पहाड़गढ़ ब्लॉक में स्थित दो शिक्षा संस्थान का आपत्तिजनक वीडियो आज सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर किया जा रहा है. पहला वीडियो शासकीय प्राथमिक विद्यालय निमास का बताया जा रहा है.

वीडियो में दिख रहा है कि बच्चे मैदान में खेल रहे हैं और एक शिक्षक और महिला रसोइया कक्षा में आपत्तिजनक कृत्य कर रहे हैं. इस दौरान एक महिला क्लास रूम के बाहर खड़ी होकर इस शर्मनाक घटना को देख रही है.

गर्ल्स हॉस्टल के बाहर मिली आपत्तिजनक सामग्री

दूसरा वीडियो अनुसूचित जाति के सीनियर कन्या छात्रावास का है. यह छात्रावास शासकीय प्राथमिक विद्यालय निमास के पास ही मौजूद है. कन्या छात्रावास के आस-पास आपत्तिजनक सामग्री मिली है. वीडियो स्थानीय ग्रामीण ने बनाया. जिला शिक्षा अधिकारी ने तुरंत टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं. जांच के बाद दोषी शिक्षकों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. जिला पंचायत के सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने बताया कि वीडियो की जानकारी मिली है और इसकी सत्यता जांचने एक टीम गठित की जा रही है. यदि कोई भी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.